
# टाड़ भूमि से स्ट्रॉबेरी : अर्जुन राम
## कृषि विज्ञान केन्द्र, पलामू




| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | अर्जुन राम |
| पिता का नाम | : | लखन राम |
| ग्राम | : | बलुही |
| पंचायत | : | गोदरमा |
| प्रखंड | : | विश्रामपुर |
| जिला | : | पलामू |
| शैक्षणिक योग्यता | : | मैट्रिक |
| कुल भूमि | : | 3.0 एकड़ |

अर्जुन राम ने सिर्फ खेती नहीं बदली. उन्होंने सोच, नजरिया और भविष्य को एक नई दिशा दी है। मात्र 1.5 एकड़ टांड़ भूमि के सहारे परिवार का गुजारा मुश्किल था, इसलिए वे हरियाणा मजदूरी के लिए गए। लेकिन वहीं खेतों में काम करते हुए स्ट्रॉबेरी की खेती सीखी और वही बन गया उनके सपनों की नई जमीन। इसकी शुरुआत उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र की तकनीकी सलाह से एवं जिला बागवानी कार्यालय के वित्तीय सहयोग से की। उन्होंने शुरुआत में एक एकड़ क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी की खेती की जिसमें ड्रिप, मल्चिंग और पौध कटिंग पर करीब ₹3 लाख खर्च हुए जिसमें ₹1 लाख सर. कार की ओर से अनुदान मिला। सात महीनों के भीतर ₹4–5 लाख की आमदनी, और ₹1.5 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया। अर्जुन राम की सफलता केवल निजी नहीं रही, अब आसपास के 50 से अधिक किसान उनके संपर्क में हैं। जिन्होंने एक साथ मिलकर 40–60 एकड़ क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी की सामूहिक खेती करने की योजना बनाई है। इनकी कहानी दर्शाती है कि अगर हिम्मत हो, तो सीमित संसाधन भी संपूर्ण अवसर बन सकते हैं। रोजगार की तलाश में भटके कदम अब आसपास के किसानों को राह दिखा रहे हैं।



Scanned with OKEN Scanner











Scanned with OKEN Scanner